पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर वाहन चोर, चार मोटरसाइकिलें बरामद

सोनवा थाने मे चोरी की बाइकों के साथ पुलिस हिरासत में आरोपित • जागरण

जासं, श्रावस्ती : सोनवा थाने की पुलिस ने रविवार को गश्त के दौरान नासिरगंज-चदला मार्ग से शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से एक चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर तीन और बाइकों को भी बरामद किया गया। मुकदमा दर्ज कर आरोपित को न्यायालय पर पेश किया गया।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि सोनवा थाने के निरीक्षक श्यामदेव चौधरी के नेतृत्व में नासिरगंज पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह तोमर, मुख्य आरक्षी फारूक अहमद, आरक्षी अवधेश कुमार व राकेश पासवान क्षेत्र में भ्रमणशील थे। सूचना पर नासिरगंज-चदला मार्ग पर स्थित बाइक एजेंसी के पास से नासिरगंज निवासी शातिर बाइक चोर सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की बाइक जिसका नंबर यूपी-30 एफ1826 स्प्लेंडर प्लस बरामद की गई। पूछताछ में उसने तीन और चोरी की बाइकों को बरामद करवाया। पहली बाइक में हौंडा लिवो, रंग लाल, नंबर यूपी-46 के 5908 लिखा है। इसका इंजन नंबर जेसी71इजी0002462 व चेचिस नंबर एमई4जेसी719डीकेजी001213 है। दूसरी बाइक स्मार्ट हीरो बिना नंबर की है। इसका रंग स्लेटी है। चेचिस नंबर एमबीएलएचए 12एसीएफ 9ए05706 व इंजन नंबर एचआर 12इएमएफ9ए05121 था। इस बाइक का चेचिस नंबर ई-चालान एप पर चेक किया गया तो रजिट्रेशन नंबर-यूपी 40 यू 8049 पाया गया। तीसरी बाइक एचएफ डीलक्स जिसके नंबर प्लेट पर नंबर नहीं लिखा था। चेचिस नंबर- एफबीएलएचएआर 055जे9के 09425 व इंजन नंबर एचए11इपीजे9के10486 है।

---

73 पुलिसकर्मियों की जांची सेहत, बांटी दवाएं

संसू, श्रावस्ती : पुलिस लाइन भिनगा में रविवार को इंडियन रेडक्रास सोसायटी व भगौती प्रसाद मिश्रा ममोरियल सेवा अस्पताल की ओर से निश्शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। एसपी घनश्याम चौरसिया ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। एसपी समेत 73 महिला व पुरुष पुलिस जवानों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

एसपी ने शिविर में मौजूद पुलिस कर्मचारियों व उनके परिवारजन को उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए संयमित खान-पान, चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए नियमित योग करने, दौड़ लगाने, नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने, तनाव मुक्त होकर कार्य करने, कुशल व्यवहार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं करते हैं तो न सिर्फ खुद की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि बीमार होकर राजकोषीय घाटा बढ़ाकर सरकार पर भी बोझ डाल रहे हैं। सभी लोगों को यातायात नियमों व संकेतों के बारे में जागरूक किया। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने जवानों को स्वस्थ व निरोग रहने के लिए फास्ट फूड का सेवन कम करने व फल तथा अंकुरित अनाज का सेवन करने की सलाह दी।

रेडक्रास सचिव अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि शिविर में एसपी समेत दो निरीक्षक, 10 उपनिरीक्षक, 20 आरक्षी व 40 महिला आरक्षियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

नियमित करें योग, नशे की प्रवृत्ति से रहें दूर

अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत पुलिस लाइन में आयोजन, एसपी ने किया संबोधित

संवाद न्यूज एजेंसी

पुलिस लाइन में कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी, संकल्प लेतीं महिला पुलिसकर्मी व अन्य। संवाद

श्रावस्ती। पुलिस लाइन के सभागार में रविवार को अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा कि नियमित योग करने, नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने और तनाव मुक्त होकर कार्य करने की पुलिसकर्मियों को सलाह दी।

एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने मातहतों को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया। स्वस्थ व निरोग रहने के लिए फल व अंकुरित अनाज का सेवन करने की सलाह दिया। कहा कि फास्ट फूड का सेवन नहीं करना चाहिए। भगौती प्रसाद मिश्रा मेमोरियल सेवा अस्पताल की वरिष्ठ महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना मिश्रा ने महिलाओं से संबंधित रोग के बारे में जानकारी दी। उससे बचाव के उपायों के बारे में बताया।

फिजिशियन डॉ. रमेश कुमार मिश्र ने रक्तचाप, मधुमेह, अनिद्रा व अन्य बीमारियों से बचाव के टिप्स दिए। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी जायसवाल ने मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को होने वाली परेशानी व बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया। इसके साथ ही व्यक्तिगत सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दिया। इस मौके पर एसपी ने पुलिस कर्मियों व अधिकारियों को महिला व बच्चों के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए हर संभव कार्य करने की शपथ दिलाई।

इस मौके पर सीओ नगर अतुल चौबे, सीओ यातायात संदीप वर्मा, आरआई अखिलेश कुमार, आरक्षी पूनम शर्मा, प्रियंका, सरोज मिश्रा, मोहिनी चतुर्वेदी, नीतू सिंह, संध्या रावत, बबली, कल्पना राय, सावित्री सिंह के साथ कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

स्वास्थ्य शिविर में 57 लोगों का हुआ इलाज

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भगौती प्रसाद मिश्रा मेमोरियल मिश्रा सेवा अस्पताल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इसमें फिजीशियन डॉ. रमेश कुमार मिश्र, वरिष्ठ महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना मिश्रा व डॉ. शालिनी जायसवाल ने एसपी सहित 57 उप निरीक्षक, पुरुष व महिला आरक्षियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिन्हें अस्पताल की ओर से निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। उन्हें मुफ्त दवा उपलब्ध कराई गई।